# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांकःप.14(66)(1)RSSB / अर्थना / मा.शि.वि. / पीटीआई ग्रेड–III / पा.जां / 2018 / 135 दिनांक : 15-02-19

## –::प्रेस विज्ञप्ति::–

**पीटीआई ग्रेड–III परीक्षा–2018 के आवेदन पत्र में खेल कोटा संबंधी सूचना में ऑफलाईन संशोधन हेतु अंतिम अवसर**

बोर्ड द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिये शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III (गैर अनुसूचित क्षेत्र एवं अनुसूचित क्षेत्र) सीधी भर्ती परीक्षा–2018 की परीक्षा दिनांक 30.09.2018 को आयोजित की गई थी। जिसका परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 29.01.2019 को जारी किया गया है। इस परीक्षा में गैर अनुसूचित क्षेत्र के रिक्त 3930 पदों के विरूद्ध वरियता के आधार पर श्रेणीवार रिक्त पदों का 1.5 गुणा 5850 एवं अनुसूचित क्षेत्र के रिक्त 570 पदों के विरूद्ध वरियता के आधार पर श्रेणीवार रिक्त पदों का 1.5 गुणा 854 अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के लिये सूचीबद्ध किया गया है। ये सूचियां पूर्णतया अस्थाई एवं अनन्तिम (Purely Provisional) है। इन अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन मूल दस्तावेजों से शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 13.02.2019 से दिनांक 19.02.2019 तक किया जा रहा है। परन्तु परीक्षा परिणाम जारी होने के पश्चात् बोर्ड में कई अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में खेल कोटे का कॉलम सहवन से नहीं भरने के कारण संशोधन हेतु बहुत अधिक मात्रा में परिवेदनाएं प्रस्तुत की जा रही है। इस संबंध में शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III सीधी भर्ती परीक्षा–2018 में सम्मिलित हुए उन अभ्यर्थियों को जिन्होनें सहवन से ऑनलाईन आवेदन में खेल कोटे का अंकन नहीं कर पाये हैं वे अपने आवेदन पत्र में खेल कोटे एवं अन्य महत्वपूर्ण संशोधन दिनांक 28.02.2019 तक मय रू. 300 के पॉस्टल ऑर्डर के साथ बोर्ड कार्यालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर संशोधन करवा सकते हैं। अभ्यर्थी आवश्यक रूप से ध्यान देवें कि संशोधन हेतु बोर्ड द्वारा यह अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है तथा दिनांक 28.02.2019 के पश्चात् आवेदन पत्र में संशोधन हेतु किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा। अन्य विस्तृत जानकारी के लिये बोर्ड की वेबसाईट http://www.rsmssb.rajasthan.gov.in का अवलोकन करें।

(डॉ. बी.एल. जाटावत)
अध्यक्ष